एक नजर

गन्ने के खेत में बैठा दिखा बाघ, महिला की चीख से मची अफरा-तफरी

खुटार। क्षेत्र के गांव ढकना लहिया में शुक्रवार सुबह गन्ने के खेत में बाघ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। खेत में बैठे बाघ को देखकर चाय लेकर जा रही महिला की चीख निकल गई। आवाज सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गांव निवासिनी राजेश्वरी देवी पत्नी मोहनलाल शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे खेत में गन्ने की छिलाई कर रहे अपने पति और भतीजे को चाय देने जा रही थी। इसी दौरान वेदप्रकाश पांडेय के खेत में गन्ने के बीच बैठे बाघ पर उनकी नजर पड़ गई। बाघ को देखते ही वह घबरा गयी ओर शोर मचाने लगी, आवाज सुनकर ओमप्रकाश प्रधान, देवसरन, मोहित, सुचित, छोटे सहित तमाम ग्रामीण एकत्रित हो गए, ग्रामीणों को देखकर बाघ खेतों में छिप गया। ग्रामीणों के मुताबिक, भागते समय बाघ एक पैर में चोट के कारण लंगड़ाता दिखाई दिया। सूचना पर वनरक्षक संतोष गौड़ टीम के साथ पहुंचे और आसपास के खेतों में कांबिंग की। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को भी गांव के दक्षिण दिशा में बाघ के पगचिह्न मिले थे। अवधेश बाजपेई के खेत में गौवंश का अधखाया शव भी पड़ा मिला था। लगातार दूसरे दिन बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय है। लोग खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से निगरानी बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। रेंजर दिनेश बडोला ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम को मौके पर भेजकर कांबिंग कराई गयी है, कांबिंग के दौरान पगचिन्ह नहीं मिले हैं।

मनरेगा हाट बाजार में बिना किसी भेदभाव के दुकानदारों की आर्थिक स्थिति में होगा सुधार-ज्ञान तिवारी

सेउता (सीतापुर)। शुक्रवार को ग्राम पंचायत सेउता में बने मनरेगा हाट बाजार का विधायक ज्ञान तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहित सक्सेना ने किया। इस दौरान अफ्सर इदरीसी की अगुवाई में 32 से अधिक मुस्लिम समाज के लोग विधायक ज्ञान तिवारी के कार्यों से संतुष्ट होकर (उनके साथ) शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि पहले सेउता गांव के चारों ओर कीचड़ फैला रहता था। लेकिन विकास कार्य कराकर हमने कीचड़ की समस्या को समाप्त किया है। उन्होंने क्षेत्र में कराए गए अन्य विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। विधायक ने कहा कि गांव के विकास से यहां मंदिर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ेगा। जिससे लोग खरीदारी करेंगे और बिना किसी भेदभाव के दुकानदारों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि पहले मंदिर के आसपास बाजार लगने से यातायात प्रभावित होता था। इसी समस्या के समाधान के लिए लगभग 39 लाख रुपये की लागत से मनरेगा हाट बाजार तैयार कराया गया है। इससे दुकानदारों को कारोबार करने और ग्राहकों को खरीदारी करने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर नंदराम गौतम प्रधान, महेश राजपूत मंडल अध्यक्ष, राहुल आनंद ग्राम विकास अधिकारी, दीपू मौर्य, भगवती प्रसाद शुक्ल, रामकुमार मिश्र, कन्हैयालाल वाल्मीकि, रामेंद्र शुक्ल, अशोक बाजपेई, सूरज यज्ञसैनी, मिश्रीलाल कोटेदार, अफ्सर बीडीसी, राजकुमार मौर्य, कृपा दयाल पंच समेत हजारों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

रामलीला में मनु-सतरूपा प्रसंग का हुआ मंचन



हरगांव (सीतापुर)। रामलीला में मनु-शतरूपा प्रसंग का मंचन हुआ। तपस्या और वरदान की लीला देख भावविभोर हुए दर्शक, हरगांव के सूर्य कुंड तीर्थ स्थल मेला मैदान में कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में चल रही रामलीला में गुरुवार मनु-शतरूपा प्रसंग का मंचन किया गया। नाट्य मंचन में दिखाया गया कि राजा मनु और माता शतरूपा राज्य का सारा वैभव त्यागकर भगवान के दर्शन के लिए घोर तपस्या करते हैं। कई वर्षों तक कठिन तपस्या के बाद भगवान हरि विष्णु प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन देते हैं। मंच पर जैसे ही भगवान विष्णु के दर्शन का दृश्य आया, पूरा पंडाल ष्जय श्री राम और जय श्री हरि के जयकारों से गूंज उठा। मनु-शतरूपा भगवान से वरदान मांगते हैं कि आप हमारे पुत्र के रूप में जन्म लें। भगवान उन्हें तथास्तु कहकर वरदान देते हैं और कहते हैं कि त्रेता युग में मैं दशरथ-कौशल्या के पुत्र श्रीराम के रूप में अवतार लूंगा। मनु के रूप में कलाकार का गंभीर अभिनय और शतरूपा के रूप में कलाकार की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

भगवान विष्णु की भव्य झांकी ने लीला को और भी जीवंत बना दिया। नाट्य मंचन मे दिखाया गया मनु-शतरूपा प्रसंग में भक्ति, त्याग और तपस्या का जो संदेश दिया गया। वह आज के समय में भी लोगों के लिए प्रेरणादायक है।

कारागार मंत्री ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर चढ़ाये पुष्प

हरगांव (सीतापुर)। विकासखंड हरगांव क्षेत्र में दस ग्राम पंचायतों में भीमराव अंबेडकर पार्कों में सुन्दरीकरण का कार्य किया जाना है। लगभग प्रति ग्राम पंचायत दस लाख रूपए खर्च होने की उम्मीद है। इस बाबत आज कारागार राज्यमन्त्री सुरेश राही ने ग्राम पंचायत रौना में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाये व आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह, अवर अभियंता शैलेश वर्मा, ग्राम पंचायत प्रधान प्रशासक सरदार जसविंदर सिंह उर्फलाडी सहित ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी भर्ती में भ्रष्टाचार' के शोर के बीच शासन का बड़ा एक्शन, सीतापुर को जल्द मिलेगा नया डीपीओ

सीतापुर। जिले में आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के नाम पर चल रहे कथित 'खेल' और लगातार उठ रही भ्रष्टाचार की उंगलियों पर आखिरकार शासन की नजर टेढ़ी हो ही गई है। विभागीय कार्यप्रणाली पर लग रहे गंभीर आरोपों और जनप्रतिनिधियों की नाराजगी को संज्ञान में लेते हुए शासन ने अब सीतापुर में स्थायी और नए जिला कार्यक्रम अधिकारी की तैनाती करने का फैसला किया है।

तत्कालीन डीपीओ मनोज कुमार राव के जाने के बाद से ही विभाग का प्रभार जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के पास चल रहा था। लेकिन इस दौरान विभाग की कार्यशैली सुधारने के बजाय विवादों में ज्यादा घिर गई। आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की जगह गड़बड़ियों की शिकायतों का अंबार लग गया। जिससे सरकार की किरकिरी होने लगी थी।

विधायकों की नाराजगी और पत्र ने खोली पोल भर्ती प्रक्रिया में हो रही धांधली का मामला तब और गरमा गया जब सत्ता पक्ष के ही विधायकों ने मोर्चा खोल दिया। लहरपुर विधायक अनिल वर्मा ने भर्ती में हो रही अनियमितताओं को लेकर सीधे मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे मामले की शिकायत की। वहीं सेउता विधायक ज्ञान तिवारी का गुस्सा भी खुलकर सामने आया था। जब भर्ती के नाम पर घूस लिए जाने की शिकायत पर उन्होंने विभागीय बाबू की जमकर क्लास लगाई थी और डीएम से भी इसकी शिकायत दर्ज कराई थी।

कई अन्य मामलों में भी कठघरे में था विभाग सिर्फआंगनबाड़ी भर्ती ही नहीं, बल्कि प्रभारी व्यवस्था के बीच विभाग के कई अन्य कामकाज भी सवालों के घेरे में थे। लगातार मिल रही शिकायतों और जनप्रतिनिधियों के कड़े रुख को देखते हुए शासन ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। अब सबकी निगाहें नए डीपीओ की तैनाती पर टिकी हैं। देखना यह होगा कि नए अधिकारी के आने के बाद विभाग में जड़ें जमा चुके भ्रष्टाचार के इस कथित तंत्र पर लगाम लगती है या फिर व्यवस्था पुराने ढर्रे पर ही चलती रहेगी।

डीएम व एसपी की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण संबंधी हुई बैठक



सीतापुर। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सफ्लतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रथमेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में भूमिजा बहुउद्देशीय हॉल, खैराबाद, सीतापुर में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण संबंधी बैठक आयोजित की गई। हरगांव, मिश्रिख एवं लहरपुर सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए 25, 26 एवं 27 नवम्बर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 373 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 373 पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने में सेक्टर मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में निर्वाचन की तैयारियां समयबद्ध ढंग से की जा रही हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने आवंटित बूथों का भ्रमण कर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा जो भी कमियां पाई जाएं, उनका समय रहते निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने विशेष रूप से बूथों तक पहुंचने वाले मार्गों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि निर्वाचन के दौरान एक बूथ से दूसरे बूथ तक आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। भ्रमण के लिए उपलब्ध कराए जा रहे वाहनों का उपयोग करते हुए सभी अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करें तथा कमियों की सही एवं स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथों पर जाकर बीएलओ से संपर्क करें तथा मतदाता सूची में हटाए गए एवं नए जोड़े गए मतदाताओं की जानकारी प्राप्त करें।

उन्होंने बूथों तक पहुंचने वाले मार्गों का निरीक्षण करने तथा सभी आवश्यक औपचारिकताएं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, जिससे निर्वाचन के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी, उप जिलाधिकारी सदर जनार्दन सहित संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

पराली जलाने पर रोकथाम के लिए सातों तहसीलों में जागरूकता वाहन

उन्नाव। खेतों में पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने और किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान शुरू किया है। डीएम घनश्याम मीना ने एसएसपी जय प्रकाश सिंह की मौजूदगी में जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद की सातों तहसीलों में एक-एक वाहन भेजा जाएगा। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। भूमि में मौजूद मित्र जीवों को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि यंत्रों वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की अपील की। फसल अवशेषों से जैविक खाद तैयार कर मिट्टी की सेहत बेहतर बनाई जा सकती है। किसानों को पराली जलाने के दुष्परिणाम, फसल अवशेष प्रबंधन के तरीके और शासन की कृषि योजनाओं की जानकारी देंगे।

बाल विवाह रोकने के लिए सामाजिक जागरूकता और सामूहिक इच्छाशक्ति जरूरी-उज्ज्वल उपाध्याय



बाराबंकी। अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस पर शुक्रवार को संवाद सामाजिक संस्थान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में देवा ब्लॉक सभागार में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने कहा कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को केवल कानून के डर से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामूहिक इच्छाशक्ति से समाप्त किया जा सकता है। बाल विवाह बच्चों, विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करने वाला गंभीर एवं दंडनीय अपराध है।उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम और बाल अधिकारों की जानकारी देते हुए लोगों से ऐसी घटनाओं की सूचना प्रशासन, पुलिस अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन को देने की अपील की।वक्ताओं ने ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय करने, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और संदिग्ध बाल विवाह की समय रहते सूचना देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बीडीओ देवा, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी और संवाद सामाजिक संस्थान के कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार ने भी विचार रखे।

आरएमपी इंटर कॉलेज का खेल मैदान बदहाल

सीतापुर। शहर के आरएमपी इंटर कॉलेज परिसर में स्थित खेल मैदान इन दिनों क्रिकेट प्रेमी युवाओं और खिलाड़ियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मैदान की बदहाल स्थिति के चलते खिलाड़ियों को अभ्यास करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन से मैदान की साफ-सफाई कराने और नेट प्रैक्टिस की व्यवस्था दोबारा शुरू कराने की मांग की है। बताया जाता है कि बीते माह आई तेज आंधी और चक्रवाती तूफान के दौरान कॉलेज परिसर में खड़ा एक विशालकाय पेड़ धराशायी हो गया था। पेड़ गिरने से क्रिकेट खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए बनाए गए नेट और लोहे के पाइप-पोल क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद से यहां नेट प्रैक्टिस की व्यवस्था प्रभावित है। वहीं इसी परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के दौरान भी मैदान की स्थिति बिगड़ गई थी। आयोजन के बाद परिसर में जगह-जगह गड्ढे और गंदगी फैल गई थी। खिलाड़ियों का कहना है कि नगर पालिका स्तर से सफाई और मलबा हटाने की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में क्रिकेट कोच ने स्वयं पहल कर मैदान से गंदगी हटवाई, लेकिन निकला हुआ मलबा परिसर में ही जमा रह गया। इसके चलते वहां गंदगी के साथ सांप, कीड़े और बिच्छुओं का खतरा भी बना हुआ है। खिलाड़ियों ने प्रशासन से मांग की है कि मैदान की तत्काल साफ-सफाई कराकर जमा मलबा हटवाया जाये। साथ ही वन विभाग के माध्यम से गिरे हुए विशालकाय पेड़ को हटवाकर क्रिकेट अभ्यास के लिए दोबारा नेट, पाइप-पोल और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। खिलाड़ियों का कहना है कि उचित संसाधन और अभ्यास की सुविधा मिलने पर सीतापुर की प्रतिभाएं जिला स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकती हैं। खेल मैदान की बदहाली के कारण युवाओं की प्रतिभा प्रभावित हो रही है। इस दौरान आशुतोष रस्तोगी, अमित वर्मा, धनंजय सिंह, दिशान यादव, आदर्श राजपूत, रिशु मौर्य, वेदांश और फैज अली सहित कई क्रिकेट प्रेमी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

वैकल्पिक मार्ग का कराया डामरीकरण

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रॉसिंग के रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के वैकल्पिक मार्ग पर बने गड्ढों से परेशान वाहन चालकों को राहत मिली है। राज्य सेतु निगम की ओर से सड़क के डामरीकरण का कार्य कराया गया। शुक्रवार को मरहला चौराहे से सरैयां क्रॉसिंग तक दोनों ओर डामरीकरण पूरा कराया गया। सेतु निगम ने वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत शुरू कराई थी। शुक्रवार को भी सुबह से कर्मचारी और श्रमिक डामरीकरण कार्य में जुटे रहे।

पीडीए पंचायत में सामाजिक न्याय का संकल्प

असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के मनिकापुर गांव में शुक्रवार को पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे समाजवादी पार्टी के नेता पवन मिश्र ने कहा कि पीडीए का उद्देश्य सबका उत्थान और सभी वर्गों को साथ लेकर चलना है।उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान, युवा, महिलाएं, कर्मचारी, अगड़े और पिछड़े सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का संकल्प है। यदि समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो सभी वर्गों से किए गए वादे पूरे किए जाएंगे। जाति और धर्म से ऊपर उठकर सबका विकास किया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र लोधी, सीएल यादव, विवेक शुक्ल, संतोष बाजपेई, विकास, रोहित, रामप्रसाद और निशार खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष फूल सिंह को दी गई विदाई

असोहा, उन्नाव। थानाध्यक्ष फूल सिंह का गैर जनपद लखीमपुर खीरी स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, पत्रकारों और संभ्रांत लोगों ने उनके करीब 13 महीने के कार्यकाल की सराहना की।लोगों ने कहा कि थानाध्यक्ष का जनता से संवाद सरल और सहज रहा। समारोह में उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर ज्ञान शर्मा, अनुज तिवारी, मयंक मिश्रा, चमन सिंह, सुभाष रावत, नागेंद्र सिंह, ललित सिंह, अभय शुक्ला, कुलदीप शुक्ला सहित थाने का स्टाफमौजूद रहा।

नवागत बीईओ रमन सिंह ने संभाला कार्यभार

असोहा, उन्नाव। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुक्रवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी रमन सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने ब्लॉक के एआरपी और एनपीआरसी के साथ बैठक कर शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमका सीतापुर, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने बढ़ाया जिले का मान



सीतापुर। अंतरराष्ट्रीय मंच पर सीतापुर की पहचान को नई मजबूती मिली है। नगर पालिका परिषद सीतापुर की अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने मुंबई के प्रतिष्ठित फेयरमोंट होटल में आयोजित तीसरे विश्व महापौर मंच एवं सातवें एशियाई नगर सम्मेलन-2026 में जिले का प्रतिनिधित्व कर गौरव बढ़ाया। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में उत्तर प्रदेश से चयनित छह जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल में नेहा अवस्थी को भी शामिल किया गया था। प्रतिनिधिमंडल में एक महापौर, दो नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और तीन नगर पंचायत अध्यक्ष शामिल रहे। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के जनप्रतिनिधियों के साथ ईरान, जापान, नेपाल, श्रीलंका, स्वीडन, नाइजीरिया और सेशेल्स सहित कई देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान नेहा अवस्थी को अंतरराष्ट्रीय स्तर के जनप्रतिनिधियों से संवाद करने और शहरी विकास, नगर निकायों की कार्यप्रणाली तथा स्थानीय प्रशासन से जुड़े अनुभवों को साझा करने का अवसर मिला। वैश्विक मंच पर सीतापुर की पहचानरूनेहा अवस्थी ने इस सहभागिता को सीतापुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिनिधित्व करना उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है। ऐसे मंच विभिन्न देशों की कार्यप्रणाली, विकास के मॉडल और अनुभवों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सीतापुर का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए गर्व की बात है।

एक नजर

खबर प्रकाशित होते ही हरकत में आया जल जीवन मिशन, बहाल की जलापूर्ति

निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा की ग्राम पंचायत गढ़िया में पेयजल समस्या को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद जल जीवन मिशन के अधिकारी हरकत में आए। सोमवार को अधिशासी अभियंता अमित कुमार के निर्देश पर विभागीय टीम ने पाइपलाइन का लीकेज ठीक कर जलापूर्ति बहाल करा दी।गौरतलब है कि पाइपलाइन में लीकेज के चलते इंटरलॉकिंग सड़क पर लगातार पानी बह रहा था। वहीं, अनियमित जलापूर्ति से ग्रामीण परेशान थे। इस समस्या को शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर का संज्ञान लेकर विभाग ने मरम्मत कराई, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान होने पर संतोष जताया

देवा मेले में पर्णिका श्रीवास्तव की कथक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 के सांस्कृतिक मंच पर सोमवार को सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पर्णिका श्रीवास्तव और उनकी टीम ने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में शास्त्रीय कथक और सूफी कथक का मनोहारी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्णिका श्रीवास्तव की पारंपरिक कथक प्रस्तुति **तराना** से हुआ। इसके बाद पर्णिका ने श्वेता गुप्ता, कृति और अदिति के साथ सूफी कथक की प्रस्तुतियां दीं। कुल तीन प्रस्तुतियों में कलाकारों ने सधे हुए पदसंचालन, आकर्षक मुद्राओं, लयकारी और भावाभिव्यक्ति से भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया। सुर, लय और आध्यात्मिक भावों के अनूठे मेल ने सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत

रेउसा (सीतापुर)। रेउसा-बिसवां मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से दोनों की जान चली गई। जबकि हादसे के बाद पिकअप भी सड़क किनारे पलट गई। हादसा सोमवार सुबह करीब 7 बजे रेउसा-बिसवां मार्ग पर सीताराम पुरवा के पास हुआ। थानगांव थाना क्षेत्र के रंगवा गांव निवासी 20 वर्षीय सुशील और 17 वर्षीय सूरज एक ही बाइक से अपने ननिहाल गोधनी सरैंया जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अनियंत्रित पिकअप सड़क किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी रेउसा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची रेउसा पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की।

राष्ट्रीय लोक अदालत 12 दिसम्बर को

सीतापुर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर आशीष जैन के आदेशानुसार आलोक यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यह जानकारी दी गयी कि जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, जनपद न्यायालय प्रांगण सीतापुर में तथा जनपद के समस्त वाह्य न्यायालय व समस्त तहसील स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें वादकारी तथा अधिवक्तागण निस्तारण योग्य वादों का निस्तारण करा सकेगें। आलोक यादव सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक, शमनीय वाद, धारा-138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व सम्बन्धी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया सुखाधिकार व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), बैंक के प्रीलिटिगेशन वाद तथा अन्य सम्यक विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है।

गांव-गांव पहुंची अरिजय चौधरी की जनसमाधान पदयात्रा

मानपुर (सीतापुर)। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के उद्देश्य से अरिजय चौधरी की जनसमाधान पदयात्रा गांव-गांव पहुंच रही है। पदयात्रा के तीसरे दिन सोमवार को ग्राम मानपुर से शुरू होकर सुरेशपुर, इटदहा, रमईपुर, बन्नीखरैला, भुडकुण्डी, कामापुर होते हुए महराजनगर में संपन्न हुई। इस दौरान मानपुर से महराजनगर तक सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च किया गया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में समर्थकों और स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा के दौरान अरिजय चौधरी ने गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने ग्रामीणों को समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीणों से संवाद स्थापित करना इस पदयात्रा का प्रमुख उद्देश्य रहा।**5 नवंबर तक चलेगी पदयात्रा**अरिजय चौधरी की जनसमाधान पदयात्रा 5 नवंबर तक जारी रहेगी। आगामी दिनों में भी विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जाएगा और उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। पदयात्रा में फिल्म निर्देशक निशांत कौशिक, अभिनेता अभिवीर चौधरी, आयुष नाथ सिंह, मोहित जायसवाल, धैर्य गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, हसन, गुड्डू प्रधान, मेराज चौधरी, अशोक बाजपेयी, अब्दुल जावेद और सुशील कुमार दीक्षित सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। जनसमाधान पदयात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने और लोगों की समस्याओं को सीधे सुनने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्तिक पूर्णिमा मेले में उमड़ी भीड़, जमकर हुई खरीदारी

शुक्लागंज, उन्नाव। रेलवे पुल के नीचे और गंगा रेती में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा मेले के चौथे दिन शुक्रवार को सुबह से शाम तक मेलार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने गृहस्थी के सामान की खरीदारी की, जबकि बच्चों ने विभिन्न झूलों का आनंद लिया। इससे मेले में दिनभर रौनक बनी रही। मेले में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। घरेलू सामान की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। चकला-बेलन समेत रसोई के अन्य सामान की खूब बिक्री हुई। वहीं, महिलाओं और युवाओं ने चाट व गोलगप्पों का स्वाद लिया। बच्चों में छोटे-बड़े झूलों के साथ हाथी और घोड़ा झूले को लेकर खासा उत्साह दिखा। भीड़ बढ़ने के साथ ही कुछ दुकानदारों पर मनमाने दाम वसूलने के आरोप भी लगे। अधिक कीमत को लेकर ग्राहकों और दुकानदारों के बीच कई जगह बहस और नोकझोंक हुई।

गंगाघाट कोतवाली के नए प्रभारी बने सुब्रत नारायण

शुक्लागंज, उन्नाव। एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने देर रात कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर नई तैनाती दी है। इसके तहत गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह को दही थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, अचलगंज थाना प्रभारी रहे सुब्रत नारायण को गंगाघाट कोतवाली का नया प्रभारी बनाया गया है।नवागत कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण ने शुक्रवार दोपहर तीन बजे कोतवाली पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की।

तारीख पेशी 30 -11-26
एमसीजे फार्म नम्बर 33 भाग 7

हेतु सन्दर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय सिधौली जिला सीतापुर वाद संख्या टी2026 10640513508 ज्योति गुप्ता बनाम गिरीश कुमार आदि 1- गिरीश कुमार पुत्र रामनारायन2- राजेश कुमार पुत्र रामनारायन3- संदीप उर्फसोनू पुत्र स्वर्गीय ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला4- नवीन पुत्र स्वर्गीय ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला5- रामरानी पत्नी स्वर्गीय रमाकांत 6- नवीन उर्फ बोल्टू पुत्र स्वर्गीय रमाकांत7- विनीत पुत्र स्वर्गीय रमाकांत8- पुनीत पुत्र स्वर्गीय रमाकांत सर्व निवासीगण ग्राम रसूल पनाह परगना मनवा तहसील सिधौली जिला सीतापुर,9- ग्राम पंचायत मनवा द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत मनवा परगना मनवा तहसील सिधौली जिला सीतापुर,अंतर्गत धारा 116 उप्रा 2006 ग्राम मनवा परगना मनवा तहसील सिधौली जिला सीतापुर,चूंकि उपरोक्त नामांकित इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आपको इस न्यायालय में होना आवश्यक है। आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिए 30-11-2026 दिवस को 10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफ ल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित 05-11-2026